



# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

1 जनवरी 2026
गुरुवार

आपकी आवाज




अटल कला भवन निर्माण में तेजी के निर्देश स्टेडियम कार्य भी जल्द पूरा करने का आदेश **2**

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

## एक नजर

### दूषित पानी से अब तक 10 की मौत

**इंदौर ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में घटित घटना के बाद अस्पताल पहुंचकर उपचाराधीन नागरिकों का हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस दौरान मुख्यमंत्री यादव ने चिकित्सकों से उपचार की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रभावित नागरिकों को समुचित, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बता दें कि इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से अब तक 10 मौत हो चुकी हैं। 150 से ज्यादा लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। वहीं इस बीच अब खुद मुख्यमंत्री मरीजों का हाल जानने के लिए अस्पताल पहुंचे हुए हैं।

### नए साल के मौके पर वैष्णो देवी में भारी भीड़

**कश्मीर ।** नए साल के मौके पर माता वैष्णो देवी धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। हालात ये हैं कि पैर रखने की भी जगह नहीं है। ऐसे में श्रद्धालुओं को भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है और व्यवस्थाएं भी सही ढंग से चलाना एक बड़ी चुनौती बन रही है। इस बीच श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने बड़ा फैसला किया है। बोर्ड ने भारी भीड़ के कारण श्री माता वैष्णो देवी यात्रा रजिस्ट्रेशन कल सुबह (1 जनवरी) तक के लिए सस्पेंड कर दिया है। यानी फिलहाल नए श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन अस्थायी रूप से बंद रहेगा, ताकि पहले से मौजूद यात्रियों की सुरक्षित और व्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित की जा सके। नए साल की वजह से देशभर के धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर भारी भीड़ देखने को मिल रही है। कश्मीर में श्रीनगर, गुलमर्ग और सोनमर्ग से लेकर हिमाचल के मनाली और शिमला तक, हर जगह पर्यटकों की भरमार है। इसी तरह उत्तराखंड के नैनीताल में भी हालात कुछ ऐसे ही बने हुए हैं।

# सिंगापुर, फिलीपींस और चीन में नए साल का जश्न

- किरिबाती के किरीटीमाटी द्वीप है जिसने नए साल का स्वागत शानदार किया
- न्यूजीलैंड की राजधानी ऑकलैंड में आतिशबाजी के साथ नए साल का स्वागत किया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया में नए साल की शुरूआत हो चुकी है। सबसे पहले 2026 का आगाज किरिबाती के किरीटीमाटी द्वीप से हुआ। यह दुनिया का पहला देश है जिसने नए साल का स्वागत शानदार किया. किरिबाती को किरिबास भी कहा जाता है। यह कई एटोल से बना द्वीप समूह है। इसकी लंबाई लगभग 4,000 किलोमीटर है। यहां भारत से 8 घंटे 30 मिनट पहले नया साल शुरू होता है। न्यूजीलैंड की राजधानी ऑकलैंड में आतिशबाजी के साथ नए साल का स्वागत किया गया। बारिश से भीगे मौसम के बीच 2026 का स्वागत हुआ। डाउनटाउन में देश की सबसे ऊंची इमारत स्काई टावर से शानदार आतिशबाजी की गई। साउथ पैसिफिक के देश दुनिया में सबसे पहले 2025 को विदा करते हैं और इसी क्रम में ऑकलैंड में घड़ी की सुइयों ने आधी रात का समय बताया, जो टाइम्स स्क्वायर में होने वाले प्रसिद्ध बॉल ड्रॉप से करीब 18 घंटे पहले है। 17 लाख की आबादी वाले शहर में जश्न के बावजूद बारिश का असर साफ दिखा।नए साल 2026 का स्वागत दक्षिण कोरिया और नॉर्थ कोरिया में पारंपरिक तरीकों से किया गया। फिलीपींस की राजधानी मनीला में लोगों ने आतिशबाजी, संगीत और सामुदायिक आयोजनों के साथ 2026 की शुरूआत की। एशिया में यह जश्न नए साल के वैश्विक उत्सव की पहली झलक बन गया। जैसे ही घड़ी ने आधी रात का समय बताया, विशाल घंटियों की गूंज के साथ नए साल का आगाज हुआ। कोरियाई देशों में नए साल को आधुनिक आतिशबाजी से ज्यादा सांस्कृतिक और आध्यात्मिक भाव के साथ मनाया जाता है।

### जापान में बेहद श्रद्धा और उत्साह के साथ शुरूआत

जापान में भी नए साल 2026 की शुरूआत बेहद श्रद्धा और उत्साह के साथ हुई। जापान मंल 31 दिसंबर की रात को ओमिसोका कहा जाता है, जो नए साल का सबसे पवित्र समय माना जाता है। इस दौरान बौद्ध मंदिरों में एक विशेष परंपरा निभाई जाती है, जिसे जोया नो काने कहा जाता है। इसके तहत मंदिरों की विशाल घंटियां 108 बार बजाई जाती हैं। मान्यता है कि ये 108 घंटे इंसान के 108 सांसारिक दोषों का प्रतीक हैं, और हर घंटी के साथ एक दोष समाप्त होता है। लोग मंदिरों में प्रार्थना करते हैं, आत्मचिंतन करते हैं और शुद्ध मन से नए साल में प्रवेश करते हैं। यह परंपरा जापान की गहरी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सोच को दर्शाती है।

# एक जनवरी से लागू होगा यूरोपीय संघ का कार्बन टैक्स

**एजेंसी। नई दिल्ली**

यूरोपीय संघ (ईयू) का कुछ धातुओं पर कार्बन टैक्स (सीबीएएम) एक जनवरी से लागू होने जा रहा है और इससे भारत के इस्पात और एल्युमिनियम निर्यात को झटका लग सकता है। यूरोपीय संघ के 27 देशों का समूह उन वस्तुओं पर यह कर लगा रहा है, जिनके निर्माण के दौरान कार्बन उत्सर्जन होता है। इस्पात क्षेत्र में ब्लास्ट फर्नेस-बेसिक आक्सीजन फर्नेस (बीएफ-बीओएफ) मार्ग में उत्सर्जन सबसे अधिक होता है जबकि गैस आधारित डीआरआइ में यह कम तथा कबाड़ (स्क्रैप) आधारित इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) में सबसे कम होता है। इसी तरह एल्युमिनियम में बिजली का स्त्रोत एवं ऊर्जा की खपत अहम भूमिका निभाती है। कोयले से उत्पादित बिजली से कार्बन बोझ बढ़ता है जिससे सीबीएएम लागत भी अधिक होती है।आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, कई भारतीय निर्यातकों को कीमतों में 15 से 22 प्रतिशत तक की कटौती करनी पड़ सकती है ताकि ईयू के आयातक उसी मुनाफे (मार्जिन) से सीबीएएम कर का भुगतान कर सकें।

## प्रगति के जरिए परिणाम आधारित शासन को मजबूती मिली

# जब फैसले समय पर होते हैं, तो जवाबदेही तय होती है : पीएम मोदी



- सुधारों का मतलब प्रक्रियाओं से आगे बढ़कर समाधान तक पहुंचना
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में प्रगति की हुई 50वीं बैठक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में प्रगति की 50वीं बैठक हुई। इसमें सुधार, प्रभावी क्रियान्वयन और परिवर्तन को विकसित भारत की कुंजी बताया गया। पीएम ने कहा कि प्रगति ने शासन की संस्कृति बदली है और 85 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को गति दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सुधार, प्रभावी क्रियान्वयन और व्यापक परिवर्तन बेहद जरूरी हैं। प्रगति मंच की 50वीं बैठक में उन्होंने पिछले एक दशक की यात्रा को ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया और कहा कि इस अवधि में शासन की कार्यसंस्कृति में बड़ा बदलाव आया है, जिससे निर्णय लेने और योजनाओं को जमीन पर उतारने की गति तेज हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सुधारों का मतलब प्रक्रियाओं से आगे बढ़कर समाधान तक पहुंचना है। उन्होंने जोर दिया कि प्रक्रियाएं सरल हों, जीवन और कारोबार में आसानी बढ़े और सिस्टम ज्यादा अनुकूल बने।

### पीएम श्री योजना की भी की समक्षा

पीएम श्री योजना की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसे समग्र और भविष्य के लिए तैयार स्कूली शिक्षा का राष्ट्रीय मानक बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि योजना का क्रियान्वयन ढांचागत नहीं, बल्कि परिणाम केंद्रित होना चाहिए। सभी मुख्य सचिवों से उन्होंने पीएम श्री योजना की कड़ी निगरानी करने और इन स्कूलों को राज्य सरकारों के अन्य स्कूलों के लिए बेंचमार्क बनाने को कहा। साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को जमीनी दौरे कर मूल्यांकन करने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने बताया कि प्रगति का विचार उनके गुजरात के मुख्यमंत्री रहते समय आया था। उस समय उन्होंने तकनीक आधारित जनशिकायत निवारण मंच शुरू किया था, जिससे अनुशासन, पारदर्शिता और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। इसी अनुभव ने आगे चलकर प्रगति का स्वरूप लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र में आने के बाद उसी भावना को राष्ट्रीय स्तर पर प्रगति के माध्यम से लागू किया गया। बड़े प्रोजेक्ट, प्रमुख कार्यक्रम और जनशिकायत निवारण को एकीकृत मंच पर लाकर समीक्षा, समाधान और फॉलो-अप की व्यवस्था की गई, जिससे कामकाज में गति और पारदर्शिता बढ़ी।

### प्रगति के कारण हुए ये बड़े बदलाव

प्रधानमंत्री ने बताया कि प्रगति आधारित पारिस्थितिकी तंत्र ने 85 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को गति दी है। 2014 से अब तक प्रगति के तहत 377 परियोजनाओं की समीक्षा हुई, जिनमें पहचाने गए 3,162 मुद्दों में से 2,958 यानी करीब 94 प्रतिशत का समाधान किया गया। इससे देरी, लागत बढ़ने और समन्वय की कमी में बड़ी कमी आई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रगति के जरिए कई दशकों से अटकी परियोजनाएं पूरी हुईं। इनमें असम का बोगीबील रेल-सह-सड़क पुल, जम्मू-उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक, नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, भिलाई स्टील प्लांट का आधुनिकीकरण और गडरवारा व लारा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट शामिल हैं। ये सभी निरंतर निगरानी और बेहतर अंतर-सरकारी समन्वय का परिणाम हैं।

# लाल आतंक के खात्मे के साथ सरकार बनाएगी विकास का विश्वास सेतु : शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का दावा है कि मार्च 2026 तक देश को पूरी तरह नक्सलमुक्त कर दिया जाएगा। इसके समानांतर ही मोदी सरकार ने आदिवासी बहुल उन राज्यों में विकास का 'विश्वास सेतु' मजबूत करने की प्रक्रिया को तेज कर दिया है, जो पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, 1996 यानी पेसा कानून के दायरे में आते हैं।

यह कानून तो 1996 में ही बन गया था, लेकिन इसे लागू कराने में सबसे अधिक सक्रियता से वर्तमान केंद्र सरकार ने ही काम किया है। अब इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंचायतीराज मंत्रालय ने कुल 100 अंकों के संकेतक तय कर दिए हैं, जिनके माध्यम से इन दस राज्यों में पेसा कानून का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए सुशासन को धरातल पर उतारा जाए। आदिवासी वर्ग के जल, जंगल, जमीन के अधिकारों व उनकी परंपरा व संस्कृति के संरक्षण में कोई कमी न रहे, इसकी सीधी निगरानी राज्यों के सहयोग से केंद्र सरकार करेगी। पेसा के तहत दस राज्य आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना आते हैं। मोदी सरकार ने इन क्षेत्रों के विकास और आदिवासी कल्याण पर भी सतत काम किया है, जिसे और तेजी देने की तैयारी है। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि दस में से आठ राज्यों ने राज्य पेसा नियम अधिसूचित कर दिए हैं। हाल ही में झारखंड और ओडिशा ने भी इस प्रक्रिया में प्रगति की है। इसके बावजूद पंचायतीराज मंत्रालय मानता है कि जमीनी स्तर पर समान और प्रभावी रूप से पेसा कानून का क्रियान्वयन अभी भी चुनौती है। इसे देखते हुए ही पेसा संकेतक विकसित किए गए हैं।केतक पेसा राज्यों के प्रदर्शन का निष्पक्ष मूल्यांकन करेंगे।

# डीआरडीओ का कमाल, दो प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण

**एजेंसी। चांदीपुर**

भारत ने बुधवार को ओडिशा के तट से कुछ ही समय के अंतराल में दो प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया। मिसाइल टेस्ट में पूरी तरह सफल रहे। प्रलय स्वदेशी रूप से विकसित एक अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइल है जिसमें उच्च सटीकता सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक नौपरिवहन प्रणाली लगी हुई है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से स्वदेशी मिसाइल प्रलय सफलतापूर्वक परीक्षण किया। डीआरडीओ ने एक ही लॉन्चर से बहुत कम समय के अंतराल पर एक के बाद एक कर दो प्रलय मिसाइलों को प्रक्षेपित किया। मिसाइल टेस्ट में पूरी तरह सफल रहे। प्रलय स्वदेशी रूप से विकसित एक अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइल है जिसमें उच्च सटीकता सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक नौपरिवहन प्रणाली लगी हुई है। प्रलय मिसाइल विभिन्न लक्ष्यों के लिए कई प्रकार के युद्धक हथियारों को ले जाने में पूरी तरह सक्षम है। इन मिसाइलों का परीक्षण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने किया है। रक्षा मंत्रालय मिसाइल परीक्षण के बाद कहा कि यह उड़ान परीक्षण मूल्यांकन परीक्षणों के तहत किया गया था। ट्रैकिंग सेंसर की ओर से पुष्टि की गई जानकारी के अनुसार दोनों मिसाइल ने निर्धारित पथ का अनुसरण किया और सभी उड़ान उद्देश्यों को पूरा किया. प्रलय मिसाइल नाम के अनुसार दुश्मनों के लिए काल के समान है।







# महिला फुटबॉल का रोमांचक फाइनल: यूपी ने झारखंड को हराकर जीता शेरशाह सूरी कप

**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा खेल मैदान पर शेरशाह सूरी जनकल्याण संस्थान के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय शेरशाह सूरी फुटबॉल प्रतियोगिता का बुधवार को भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर खेले गए महिला फुटबॉल के फाइनल मुकाबले ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया। झारखंड एकादश और यूपी एकादश के बीच खेले गए इस



खिताबी मुकाबले में यूपी की टीम ने कड़े संघर्ष के बाद झारखंड को 1-0 से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मैच की शुरूआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। पहले हाफ में जहां झारखंड और यूपी की खिलाड़ी गोल करने के कई मौके बना सकीं, वहीं मजबूत रक्षा पंक्ति के कारण कोई भी टीम बढ़त नहीं बना पाई। दर्शकों की तालियों और नारों के बीच खेल दूसरे हाफ में और तेज हो गया। इसी दौरान यूपी एकादश ने बेहतरीन तालमेल और तेज आक्रमण के दम पर निर्णायक गोल दागकर मैच का रुख अपने पक्ष में मोड़ दिया। झारखंड की टीम ने बराबरी के लिए भरपूर प्रयास किया, लेकिन यूपी की मजबूत डिफेंस के सामने उनके प्रयास सफल नहीं हो सके। दोनों टीमों में एक-एक राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी शामिल थीं। यूपी की ओर से अबिबा और झारखंड की ओर से मनीष कुमारी ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। उनका खेल मैच का मुख्य आकर्षण रहा। महिला फुटबॉल फाइनल मुकाबले का उद्घाटन आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार यादव की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक मंत्री जमा खान, कार्यपालक पदाधिकारी रानी कुमारी, चेयरमैन किरण देवी एवं थानाध्यक्ष शम्भू भगत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल भावना, अनुशासन तथा आपसी भाईचारे का संदेश दिया। विजेता और उपविजेता टीम को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मंत्री जमा खान ने महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि हार और जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन जो हार से सीखता है वही भविष्य में विजेता बनता है। उन्होंने चौसा खेल मैदान को स्टेडियम के रूप में विकसित कराने की घोषणा भी की, जिससे क्षेत्र में खेल गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिला खिलाड़ियों को मंच देना संस्था का मुख्य उद्देश्य है। ऐसे आयोजन न केवल छिपी प्रतिभाओं को निखारते हैं, बल्कि समाज में खेल के प्रति सकारात्मक वातावरण भी तैयार करते हैं।

### 15.46 करोड़ की लागत से बन रहा 620 सीटों वाला अटल कला भवन, मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन सतर्क

# अटल कला भवन निर्माण में तेजी के निर्देश स्टेडियम कार्य भी जल्द पूरा करने का आदेश

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी साहिला द्वारा बक्सर में निमार्णाधीन अटल कला भवन का स्थल निरीक्षण किया गया। यह महत्वाकांक्षी भवन लगभग 15.46 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जा रहा है, जिसकी दर्शक क्षमता 620 सीटों की होगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में भवन निर्माण निगम के सहायक अभियंता ने जानकारी दी कि अटल कला भवन का निर्माण कार्य दिसंबर 2026 तक एकरारनामा के अनुसार पूर्ण किया जाना है। वर्तमान में प्रारंभिक निर्माण कार्य चल रहा है। साथ ही आईटीआई मैदान परिसर में उपलब्ध शेष भूमि पर प्रस्तावित स्टेडियम निर्माण कार्य की भी जानकारी दी गई,



जिसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाना है। जिलाधिकारी साहिला ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निकट भविष्य में माननीय मुख्यमंत्री का बक्सर दौरा प्रस्तावित है, जिसे देखते हुए निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री की संभावित यात्रा से पूर्व अटल कला भवन का कम से कम फाउंडेशन कार्य हर हाल में पूर्ण कराया जाए, ताकि परियोजना की प्रगति स्पष्ट रूप से दिखाई दे सके। इसके साथ ही भी शीघ्र गति से आगे बढ़ाने का आदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने कार्य की गुणवत्ता, समयबद्धता और पारदर्शिता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि यह परियोजना न केवल सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देगी, बल्कि बक्सर को एक नई पहचान भी दिलाएगी। अटल कला भवन के निर्माण से जिले के कलाकारों, रंगकर्मियों और सांस्कृतिक संगठनों को एक सशक्त मंच मिलेगा।

## बड़ी मस्जिद से सेंट्रल जेल तक सड़क व नाला निर्माण का डीएम ने किया निरीक्षण

जिलाधिकारी साहिला द्वारा शहर के महत्वपूर्ण मार्ग बड़ी मस्जिद से सेंट्रल जेल तक लगभग 4.20 किलोमीटर लंबे सड़क खंड का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे निमार्णाधीन सिवरेज व नाला व्यवस्था की प्रगति, गुणवत्ता और उपयोगिता की बारीकी से समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने पाया कि सड़क किनारे बन रहे नाले की ऊंचाई यदि सड़क के लेवल के अनुरूप नहीं रखी गई, तो भविष्य में वर्षा के समय जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। इस पर उन्होंने कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग बक्सर को स्पष्ट निर्देश दिया कि नाले का निर्माण सड़क के लेवल के अनुसार ही सुनिश्चित किया जाए, ताकि बारिश का पानी आसानी से बह सके और शहरवासियों को जलजमाव से राहत मिल सके।डीएम ने नगर परिषद बक्सर के कार्यपालक पदाधिकारी को भी कड़े निर्देश देते हुए कहा कि नाले से निकलने वाले पानी को बिना ट्रीटमेंट के सीधे नदी में छोड़ा जाना पर्यावरण के लिए घातक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नाले का पानी पूरी तरह ट्रीटमेंट होने के बाद ही नदी में प्रवाहित किया जाए, जिससे प्रदूषण पर नियंत्रण रखा जा सके। इस क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर को वॉटर सिवरेज एवं ट्रीटमेंट प्लांट के प्रस्तावित एवं निमार्णाधीन स्थल का स्वयं निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता, कार्यप्रणाली और समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित की जाए, ताकि शहर की सिवरेज व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुणवत्ता, समयसीमा और जनहित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के विकसित होने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि शहर की स्वच्छता और जलनिकासी व्यवस्था भी मजबूत होगी।

### एक नजर

## अतिक्रमण की भेंट चढ़ा खेल भवन का सपना, डीएम ने जताई नाराजगी

**बक्सर।** बक्सर नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत प्रस्तावित खेल भवन निर्माण को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी साहिला ने चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि जिस भूमि पर खेल भवन का निर्माण होना है, उस पर स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण कर वाहन पार्किंग एवं गैराज का संचालन किया जा रहा है। इस स्थिति को देखकर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और इसे गंभीर लापरवाही बताया। जिलाधिकारी ने कहा कि खेल भवन का निर्माण नगर क्षेत्र के युवाओं और खिलाड़ियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन अतिक्रमण के कारण यह जनहितकारी योजना बाधित हो रही है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने भवन निर्माण निगम के अभियंता, अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर तथा नगर परिषद बक्सर के कार्यपालक पदाधिकारी को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अविलंब चिन्हित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए और खेल भवन का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए। इसके साथ ही अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरतने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि अतिक्रमण हटाने के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखते हुए स्थानीय लोगों को पूर्व सूचना दी जाए, ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन आवश्यक है। निरीक्षण के बाद प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है। माना जा रहा है कि शीघ्र ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। खेल भवन के निर्माण से बक्सर नगर क्षेत्र के खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और खेल गतिविधियों को नया आयाम प्राप्त होगा।

## कृष्ण बल्लभ सहाय की जयंती पर जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**बक्सर।** पूर्व मुख्यमंत्री, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजवादी विचारधारा के प्रखर पुरोधा आदरणीय कृष्ण बल्लभ सहाय जी की जयंती के अवसर पर बुधवार को बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में श्रद्धा, सम्मान और गरिमामय



वातावरण में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज कुमार पांडे ने की। कार्यक्रम की शुरूआत धूप-दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद उपस्थित कांग्रेस नेताओं व कार्यकताओं ने कृष्ण बल्लभ सहाय जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोज कुमार पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि कृष्ण बल्लभ सहाय भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जुझारू सेनानी थे, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाने के साथ-साथ स्वतंत्रता के बाद समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक न्याय पहुँचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि श्री सहाय सच्चे अर्थों में समाजवादी विचारधारा के प्रतिनिधि थे। उनका संपूर्ण जीवन शोषित, वंचित और गरीब वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में प्रशासनिक पारदर्शिता, सामाजिक समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। उन्होंने सत्ता को कभी साधन नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम माना। मनोज कुमार पांडे ने कहा कि आज जब लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक सौहार्द के समक्ष कई चुनौतियाँ खड़ी हैं, ऐसे समय में कृष्ण बल्लभ सहाय के विचार और संघर्ष हम सभी के लिए मार्गदर्शक हैं। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम को बब्बन तुरहा, दीपक तुरहा, अभिषेक पांडे, विकास ओझा, आपसा परवीन, अकबरी, आशा देवी, निर्मला देवी, दिवाकर सेठ, सुबोध कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने उनके सिद्धांतों और समाज के प्रति योगदान को याद करते हुए उन्हें कांग्रेस पार्टी की वैचारिक नींव का मजबूत स्तंभ बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## दिशा की बैठक में मुखिया ने उठाईं क्षेत्र की ज्वलंत

**केटी न्यूज/केसठ**

जिला स्तरीय दिशा की बैठक में केसठ पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार सिंह उर्फ गामा पहलवान ने क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख जनसमस्याओं को मजबूती के साथ उठाया। बैठक के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य, बिजली, सड़क, पेयजल, सिंचाई समेत मलई बराज से संबंधित मुद्दों पर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया।मुखिया ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केसठ में एक्स-रे समेत आवश्यक जांच सुविधाओं का अभाव है, जिससे आम लोगों को इलाज के लिए बाहर जाना पड़ता है। उन्होंने केसठ सोनवर्षा एवं भट्ठा पुल से बजरंग चौक तक सड़क मरम्मती कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की। साथ ही खराब नलकूपों की मरम्मत, टूटे पाइप लिंकेज को दुरुस्त कराने का मुद्दा उठाया।उन्होंने बताया कि प्रखंड के विभिन्न वार्डों में लगे सौर ऊर्जा संयंत्र लंबे समय से बंद पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। इनकी जांच व शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की गई। सिंचाई व्यवस्था को लेकर भी मुखिया ने मलई बराज योजना का कार्य जल्द पूरा कर उसे चालू कराने, नहरों की मरम्मत, सफाई एवं बेहतर जल प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर दिया।बैठक में मौजूद अधिकारियों ने मुखिया द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। वहीं मुखिया ने उम्मीद जताई कि दिशा बैठक में उठाए गए मुद्दों पर जल्द अमल होगा और क्षेत्र की जनता को राहत मिलेगी।

## विश्वविजेता अनु को मुखिया संघ के अध्यक्ष ने किया सम्मानित, बोले अनु ने पूरे जिले को गौरवान्वित

- **पहली दृष्टिहीन महिला टी-20 विश्वकप विजेता टीम की सदस्य है मुकुंदपुर की अनु चौधरी, डुमरांव मुखिया प्रेम सागर कुंवर ने उसके गांव जाकर किया है सम्मानित**

**केटी न्यूज/सिमरी**

पहली दृष्टिहीन महिला टी-20 विश्वकप विजेता टीम की सदस्य व आलराउंडर खिलाड़ी अनु चौधरी को सिमरी प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सह डुमरी पंचायत के मुखिया प्रेम सागर कुंवर ने उसके पैतृक गांव मुकुंदपुर जाकर सम्मानित किया है। उन्होंने अनु को मुखिया संघ की तरफ से सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुखिया प्रेम सागर ने कहा कि अनु ने बिना किसी संसाधन के न सिर्फ दृष्टिहीन महिला क्रिकेट टीम में जगह बनाई बल्कि अपने हरफनमौला खेल से पहली



बार आयोजित इस फार्मेट के विश्वकप जिताने में अपनी महती भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि अनु का संघर्ष, उसकी प्रतिभा, खेल व देश के प्रति जुनून युवाओं को प्रेरित करता है। मुखिया ने कहा कि अनु ने पूरे जिले व राज्य को गौरवान्वित कर दिया है। बता दें कि इस वर्ष अक्टूबर महीने में पहली बार दृष्टिहीन महिला टी20 विश्वकप का आयोजन किया गया था, जिसका फाइनल श्रीलंका के कोलंबो स्थित आर प्रेमदासा स्टेडियम में आयोजित हुआ था। जिसमें भारतीय लड़कियां नेपाल को सात विकेट से पराजित कर विश्वचैंपियन बनी थी। फाइनल मुकाबले में अनु चौधरी ने अपने चार ओवर के कोटे में मात्र 12 रन दे एक विकेट हासिल की थी, जबकि बल्लेबारी में उसकी बारी नहीं आई।

# संत चरणों से पावन हुई बक्सर की धरती, विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ 19 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान

- **देशभर से उमड़े संत-भक्त, भक्तमाली मामाजी महाराज के कृपा शिष्य श्री रामचरित्र दास जी महाराज को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि**

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर की पावन धरती एक बार फिर भक्ति, श्रद्धा और अध्यात्म की अजस्त्र धारा में सराबोर हो उठी। महान संत श्री नारायण दास जी भक्तमाली पूज्य मामा जी महाराज के प्रथम कृपा शिष्य, युग मनीषी तुलसीदास जी के द्वादश ग्रंथों के मर्मज्ञ श्री रामचरित्र दास जी महाराज की स्मृति में आयोजित उन्नीस दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का समापन बुधवार को विशाल भंडारे के साथ विधि-विधानपूर्वक संपन्न हुआ।



समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में संत महात्माओं और श्रद्धालुओं ने श्री रामचरित्र दास जी महाराज के त्याग, तपस्या और आध्यात्मिक योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी भावांजलि अर्पित की। पूरे आयोजन काल में भजन-कीर्तन, कथा और पूजन के माध्यम से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

**देशभर से पहुंचे संत और श्रद्धालु**

समापन समारोह के दौरान चरण पादुका पूजन एवं श्री विग्रह अर्चा पूजन का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें बक्सर सहित अयोध्या, वृंदावन और वाराणसी से पधारे मूर्धन्य संतों की गरिमामयी उपस्थिति रही। संतों ने अपने उद्बोधनों में श्री रामचरित्र दास जी महाराज के कृतित्व, उनके आध्यात्मिक चिंतन और समाज के प्रति समर्पण पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस धार्मिक महोत्सव में केवल स्थानीय श्रद्धालु ही नहीं, बल्कि मोकामा, पटना, जहानाबाद, मुंगेर, बलिया, मऊ, गोरखपुर, बरेली, टुंडला और दिल्ली समेत देश के विभिन्न हिस्सों से भारी संख्या में भक्त पहुंचे। श्रद्धालुओं ने संतों के सान्निध्य में पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

**भावांजलि अर्पित करने वालों की रही उपस्थिति**

पूज्य आचार्य नरहरि दास जी महाराज, पूज्य राघवाचार्य दास जी महाराज, पूज्य विजय भैया (बावरी सखि), हरि जी, अखिल भारती (बचा जी), मनमोहन शरण, कवि नंद बिहारी, डॉ. रवि कुमार, अनिमेष राय, दिन दयाल शरण, रामु जी, अशोक मिश्रा, उर्मिला, बिनीता, रवि लाल एवं नीतीश ने मंच से भावांजलि अर्पित की। वहीं पूज्य चरण रामरज दास जी महाराज (बरसाने धाम), पूज्या सियादीदी एवं पूज्य नाभापीठाधीश्वर सुतीक्ष्ण दास जी महाराज ने मोबाइल फोन के माध्यम से श्रद्धांजलि संदेश भेजे।

**आगामी कार्यक्रम की घोषणा**

आयोजन समिति ने जानकारी दी कि पूज्य गुरुदेव भगवान श्री नारायण दास जी भक्तमाली मामा जी महाराज की पुण्य स्मृति महोत्सव के अवसर पर आगामी 31 जनवरी से 4 फरवरी तक हनुमत धाम मंदिर में पांच दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।


Mob: 9122226720

कुमार आर्योपेडिक्स क्लिनिक

सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, ढेलवानी मोड़, डुमराँव

डा. बिरेन्द्र कुमार
आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ

डा. एस.के. अम्बष्ठ
M.B.B.S (MKCC, ODISHA)
MD (Derma & Cosmetology),
KMC Manipal (Gold Medalist)
चर्म रोग, कुष्ट रोग, गुप्त रोग, सौंदर्य विशेषज्ञ
प्रत्येक मंगलवार

डा. अरूण कुमार
जेनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(M.B.B.S, D.NB. (New Delhi)
पेट रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरुवार

# नववर्ष पर नगर देवी मां डुमरेजनी मंदिर में विशेष पूजा, भक्ति और आस्था का होगा संगम



- **मंदिर परिसर सजा आकर्षक रोशनी से, श्रद्धालुओं के स्वागत को तैयार समिति**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नववर्ष के पावन अवसर पर नगर देवी मां डुमरेजनी मंदिर में गुरुवार को विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर मंदिर परिसर में भक्ति, उत्साह और उल्लास का माहौल व्याप्त है। मंदिर प्रबंधन एवं पूजा समिति द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नववर्ष की पूर्व संध्या पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जहां रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों की सजावट ने परिसर की सुंदरता को और भी बढ़ा दिया है। पूरे दिन मंदिर समिति के सदस्य तैयारियों में जुटे रहे। साफ-सफाई से लेकर पूजा सामग्री की व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हर पहलू पर विशेष ध्यान दिया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि नववर्ष के दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगने की संभावना है, जिसे देखते हुए व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित किया गया है। मंदिर समिति से जुड़े अभिनव राय, हरेन्द्र सिंह, श्रीनिवास राय, बृजकुमार राय, पप्पू राय, गुड्डु राय, ढूनढून राय, अंकू, मनू एवं मुनन ने संयुक्त रूप से बताया कि मां डुमरेजनी मंदिर में बीते कई वर्षों से नववर्ष के अवसर पर विशेष पूजा का आयोजन होता आ रहा है। यह परंपरा अब नगरवासियों की आस्था और विश्वास का प्रतीक बन चुकी है। अभिनव राय ने बताया कि इस बार भी नववर्ष की शुरूआत मां के चरणों में शीश नवाकर करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। विशेष पूजा के दौरान मां को भोग अर्पित किया जाएगा और नगर की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की जाएगी।

नववर्ष पर होने वाली इस विशेष पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मंदिर परिसर में भक्ति गीतों की गूंज और दीपों की रोशनी वातावरण को आध्यात्मिक बना रही है। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे पूजा के दौरान व्यवस्था बनाए रखें और शांतिपूर्वक दर्शन कर नववर्ष की शुभ शुरूआत करें।

# नववर्ष 2026 को लेकर बक्सर प्रशासन अलर्ट, विधि-व्यवस्था व ठंड से बचाव की तैयारियों की समीक्षा

- **डीएम साहिला की अध्यक्षता में बैठक, कंबल, अलाव से लेकर सुरक्षा, वाहन जांच व गश्ती तक के दिए गए सख्त निर्देश**




**केटी न्यूज/बक्सर**

नववर्ष 2026 के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था संधारण तथा ठंड के मौसम को देखते हुए आवश्यक तैयारियों को लेकर बुधवार को समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को नववर्ष की पूर्व संध्या एवं नववर्ष के दिन विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने ठंड को ध्यान में रखते हुए सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों तथा जिला आपदा प्रभारी को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रों में सभी जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही प्रमुख चिन्हित स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में अलाव की व्यवस्था करने को कहा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर कंबल वितरण एवं अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने रैन बसेरों की व्यवस्था की भी समीक्षा की। सभी कार्यपालक पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र अंतर्गत स्थित रैन बसेरों का निरीक्षण कर पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही रैन बसेरों के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कराने को कहा गया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को सभी रैन बसेरों का पता सहित स्थानीय इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर एवं डुमरांव को अपने-अपने क्षेत्रों के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर बिजली, पेयजल, बेडशीट, जीवन रक्षक दवाइयों एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। नववर्ष के मौके पर जिले के विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए। सभी थानाध्यक्षों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों तथा यातायात पुलिस को विशेष जांच अभियान चलाने को कहा गया। बाइकर्स गैंग द्वारा बेतरतीब वाहन संचालन की आशंका को देखते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी को 31 दिसंबर 2025 से 1 जनवरी 2026 तक सघन वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। गंगा तटीय क्षेत्रों एवं नदी के दूसरी ओर पिकनिक मनाने जाने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर को गैर-निबंधित एवं ओवरलोडेड नावों के परिचालन पर सख्त रोक लगाने के निर्देश दिए गए। वहीं नववर्ष की पूर्व संध्या पर नशीले पदार्थों के सेवन एवं हुड़दंग की आशंका को देखते हुए मद्य निषेध विभाग, पुलिस एवं प्रशासन को सीमावर्ती चेक पोस्टों व संदिग्ध स्थलों पर सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा नगर निकाय क्षेत्रों में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को 24 7 क्रियाशील रखने, पटाखा दुकानों की जांच करने तथा 31 दिसंबर की दोपहर से 1 जनवरी की रात तक अथवा स्थिति सामान्य होने तक गश्ती दलों को लगातार भ्रमणशील रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक बक्सर, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता सहित जिला, प्रखंड एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## स्टेशन रोड में नाला निर्माण के दौरान लगा रहा भीषण जाम, पूरे दिन परेशान हुए लोग



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के स्टेशन रोड का मरम्मत कार्य जारी है। स्टेशन रोड में नगर परिषद के पुराने कार्यालय के पास बीच सड़क पर एक नाला स्थित है, जिसका मरम्मत कार्य बुधवार को किया जा रहा था। इस दौरान भीषण जाम लग गया था। यह सिलसिला पूरे दिन जारी रहा। बता दें कि स्टेशन रोड के निर्माण के दौरान पहले सड़क मार्ग पर परिचालन रोड दिया गया था। इस दौरान नया थाना के पास ही बैरियर लगा परिचालन ठप करा दिया गया था, लेकिन दो दिन पूर्व इस पथ को फिर से खोल दिया गया। जिसके बाद वाहनों का परिचान शुरू हो गया है। बुधवार को नाला निर्माण के दौरान घंटों जाम लगा रहा। इस दौरान आम यात्रियों से लेकर वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब से सड़क निर्माण शुरू हुआ है, तब से जाम की समस्या और गंभीर हो गई है। लोगों ने इस पथ का मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग की है।

## भूमि बैंक अद्यतन में तेजी लाने के निर्देश, एसडीओ ने की समीक्षा बैठक, दो दिनों में रिपोर्ट तलब



**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव राकेश कुमार की अध्यक्षता में भूमि बैंक के सृजन एवं अद्यतन की प्रगति को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी अंचलाधिकारियों (सीओ) एवं राजस्व कर्मियों को अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत उपलब्ध सरकारी भूमि की पहचान, भौतिक सत्यापन तथा अभिलेखों में समुचित प्रविष्टि सुनिश्चित करने का स्पष्ट निर्देश दिया गया। एसडीओ ने कहा कि अभिलेखों का मिलान करते हुए दो दिनों के भीतर अद्यतन प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से समर्पित किया जाए।

समीक्षा के दौरान एसडीओ ने सरकारी भूमि की सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि चिन्हित भूमि को अतिक्रमण से मुक्त रखने के लिए नियमित निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। यदि किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा सामने आता है, तो संबंधित पदाधिकारी त्वरित वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने दो टूक कहा कि भूमि बैंक में दर्ज भूमि का उपयोग केवल सार्वजनिक हित एवं सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ही किया जाएगा, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### स्वास्थ्य व वेलनेस ढांचे को मिलेगी मजबूती

बैठक में स्वास्थ्य एवं वेलनेस से जुड़ी अधोसंरचनाओं के लिए आवश्यक भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। एसडीओ ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त भूमि का चिन्हीकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इससे ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत आधार मिलेगा।

### आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए सरकारी भूमि चिन्हित

वर्तमान में निजी भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को लेकर भी एसडीओ ने अहम निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए सरकारी भूमि चिन्हित कर शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, ताकि भविष्य में उनके लिए स्थायी सरकारी भवनों का निर्माण किया जा सके। इसके लिए संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया।

### भूमि विवाद कम करने पर जोर

इसके अतिरिक्त भूमि अभिलेखों के नियमित अद्यतन एवं फील्ड वेरिफिकेशन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा गया। एसडीओ ने स्पष्ट किया कि इससे भूमि से जुड़े विवादों में कमी आएगी और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य भूमि संसाधनों का सुव्यवस्थित और पारदर्शी उपयोग करते हुए स्वास्थ्य, पोषण एवं सामाजिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं को स्थायी एवं सुदृढ़ आधार प्रदान करना है। प्रशासनिक सख्ती और समयबद्ध कार्रवाई से भूमि बैंक व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## एक नजर

### एसटी आयोग के चेयरमैन शैलेन्द्र गढ़वाल का बक्सर दौरा, पर्यटन विकास और जनजातीय मामलों पर हुई चर्चा



**चौसा।** बक्सर जिला, जिसे ह्लवीरों की भूमिह्व के रूप में जाना जाता है, आज एक साथ दो बड़ी चुनौतियों से जूझ रहा है, अपनी ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित कर पर्यटन के नक्शे पर लाने की जरूरत और आदिवासी समुदायों से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र समाधान। इन्हीं मुद्दों को केंद्र में रखते हुए अनुसूचित जनजाति आयोग के चेयरमैन शैलेन्द्र गढ़वाल बक्सर पहुंचे और प्रशासनिक उदासीनता पर खुलकर सवाल उठाए। गढ़वाल ने कहा कि बक्सर में कई ऐसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल हैं, जिनका सही ढंग से विकास नहीं हो पाया है। विशेष रूप से चौसा का ऐतिहासिक मैदान, जहां 1539 में हुमायूं और शेरशाह सूरी के बीच ऐतिहासिक युद्ध हुआ था, आज भी उपेक्षा का शिकार है। कर्मनाशा और गंगा नदी के संगम पर स्थित यह स्थल यदि पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाए, तो बक्सर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई जा सकती है। इससे न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। दौरे के दौरान आयोग के चेयरमैन ने स्पष्ट किया कि आदिवासी और अनुसूचित जाति से जुड़े मामलों में फाइलों के सहारे निर्णय लेना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि आयोग ने पिछले सात महीनों में कई बार पत्राचार किया, 11 महीनों तक रिमाइंडर भेजे गए, लेकिन ठोस प्रगति नहीं होने के कारण अब स्वयं क्षेत्र में आकर स्थिति की समीक्षा की जा रही है। उनका कहना था कि असल समस्याएं तभी समझ में आती हैं, जब हम गांवों में जाकर लोगों से सीधे संवाद करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बक्सर समाहरणालय में लंबित मामलों को लेकर प्रशासन के साथ बैठक की गई है, जिसमें त्वरित कार्रवाई को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। आयोग किसी भी स्तर पर मामलों को दबाने या प्रभावित करने की कोशिश को स्वीकार नहीं करेगा और जहां भी गड़बड़ी सामने आएगी, उसे लिखित रूप में दर्ज कर समाधान की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। आदिवासी समाज में जागरूकता की कमी पर चिंता जताते हुए शैलेन्द्र गढ़वाल ने कहा कि कई क्षेत्रों में लोगों को अपने संवैधानिक अधिकारों और आयोग की भूमिका की जानकारी तक नहीं है। उन्होंने बताया कि 2 जून को पदभार ग्रहण करने के बाद चुनावी प्रक्रिया के कारण कुछ समय तक कार्य प्रभावित रहा, लेकिन अब आयोग सक्रिय रूप से बिहार के आदिवासी इलाकों का दौरा कर रहा है। गांव-गांव जाकर समस्याएं एकत्र करना और लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना आयोग की प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रशासनिक सहयोग और जनभागीदारी से बक्सर न केवल अपनी ऐतिहासिक विरासत को संजो पाएगा, बल्कि आदिवासी समाज को भी उनका अधिकार, सम्मान और न्याय मिल सकेगा। इस अवसर पर अनुसूचित जनजातीय सदस्य राजू खरवार, जदयू जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, गोंडवाना सभा के रामजीत गोंड़, रामप्रवेश सिंह सहित कई सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### आर्यभट्ट टैलेंट सर्च टेस्ट का अखिल भारतीय आयोजन, छात्रों के लिए सुनहरा अवसर

**बक्सर।** द इंडियन मैथमेटिक्स एंड साइंस एसोसिएशन के तत्वावधान में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के साथ-साथ स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के छात्रों के लिए अखिल भारतीय स्तर पर ह्लआर्यभट्ट टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स एंड साइंसह्व प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य गणित एवं विज्ञान विषयों में प्रतिभावान छात्रों की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करना है। संस्था के सचिव डॉ. विजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 22 दिसंबर 2025 से प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक विद्यार्थी द इंडियन मैथमेटिक्स एंड साइंस एसोसिएशन की आधिकारिक वेबसाइट www.imsaindia.org के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। खास बात यह है कि इस प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जा रहा है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को भी समान अवसर मिल सके। डॉ. कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता छात्रों में वैज्ञानिक सोच, तार्किक क्षमता और गणितीय दक्षता को विकसित करने में सहायक होगी। साथ ही प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने जिले के शिक्षा पदाधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने जिले के सभी प्रधानाध्यापकों को इस संबंध में पत्र प्रेषित करें, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इस प्रतियोगिता की जानकारी प्राप्त कर सकें। इसके अतिरिक्त उन्होंने जिले के समाचार पत्रों एवं शैक्षणिक ग्रुपों के माध्यम से इस सूचना को व्यापक रूप से प्रचारित करने की अपील की है। शिक्षा जगत से जुड़े लोगों का मानना है कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उन्हें भविष्य की प्रतिस्पधाओं के लिए तैयार करती हैं। अतः जिले के सभी पात्र विद्यार्थियों से आग्रह किया गया है कि वे समय रहते ऑनलाइन पंजीकरण कर इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेकर अपने ज्ञान और प्रतिभा का प्रदर्शन करें।

## डुमरांव साहित्य महोत्सव 2025 में भोजपुरी संस्कृति की गूंज, नवीन नितेश बने राष्ट्रीय साहित्य रत्न

- **त्यागी रॉयल पैलेस में जुटे देशभर के साहित्यकार, कलाकारों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन**




**केटी न्यूज/डुमरांव**

आर एस एजुकेशनल फाउंडेशन के तत्वावधान में अनुमंडल के सिमरी प्रखंड अंतर्गत बड़का सिंहनपुरा स्थित त्यागी रॉयल पैलेस में आयोजित डुमरांव साहित्य महोत्सव 2025 साहित्य, संस्कृति और कला का भव्य संगम बनकर उभरा। राष्ट्रीय साहित्योदय भोजपुरी सरधा मंच के बैनर तले आयोजित इस महोत्सव में बिहार, झारखंड, बंगाल, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों से आए कवि, लेखक, गायक और कॉमेडी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महोत्सव के दौरान भोजपुरी की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने वाले विभूतियों के नाम पर स्थापित भिखारी ठाकुर, शारदा सिन्हा, लता मंगेशकर एवं राष्ट्रीय साहित्य रत्न जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से कई कलाकारों को नवाजा गया। इसी क्रम में डुमरी निवासी युवा साहित्यकार एवं कलाकार नवीन नितेश पांडेय को उनके साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक योगदान के लिए राष्ट्रीय साहित्य रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान संस्था के संस्थापक पंकज भूषण पाठक, संपादक संतोष ओझा, उपाध्यक्ष शैलेश प्रताप सिंह शौर्य एवं समाजसेवी ऋषिकेश ओझा त्यागी द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संदेश विधायक राधा चरण सेठ, बक्सर विधायक आनंद मिश्रा, डुमरांव विधायक राहुल सिंह सहित नंद तिवारी बाबा, लेखक लहरी बाबा और अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। मंच से सम्मान प्राप्त करने के बाद नवीन नितेश ने अपनी चर्चित काव्य रचना ह्लमैं आपके मौन का विस्तार दूंगाह्व का प्रभावशाली पाठ किया। उन्होंने कलाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कला किसी उम्र की मोहताज नहीं होती, सफलता उसी को मिलती है जो निरंतर मेहनत करता है। भोजपुरी भाषा और संस्कृति पर अपने विचार रखते हुए नवीन नितेश ने कहा कि भोजपुरी हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे साहित्य और काव्य के माध्यम से देशभर में पहचान मिल रही है। ह्लहां, हम बिहारी हैं, एक बिहारी सौ पर भारीह्व जैसे संवादों पर श्रोताओं ने तालियों से उत्साह बढ़ाया। उनकी हिंदी-भोजपुरी मिश्रित शायरी और हास्य प्रस्तुति को खूब सराहा गया।

नवीन नितेश को इससे पूर्व भी देश के विभिन्न राज्यों में कई प्रतिष्ठित सम्मान मिल चुके हैं। वर्ष 2018 से 2025 तक उन्होंने 90 से अधिक महोत्सवों में सहभागिता की है। दूरदर्शन, न्यूज 18, संसद टीवी, जी टीवी एवं भोजपुरी सिनेमा जैसे मंचों पर अपनी पहचान बना चुके नितेश का उद्देश्य लोक संस्कृति की धरोहर को संरक्षित करना और युवाओं में संगीत के प्रति रुचि जगाना है। इस आयोजन में भोजपुरी साहित्य की कलाकार ममता चौबे, वैष्णवी राय, आयशा मिश्रा, आरती वर्मा, डिम्पल एवं पृथ्वी राय सहित अनेक कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अपने ही जिले में मिले इस राष्ट्रीय सम्मान से स्थानीय लोगों में हर्ष का माहौल रहा और नवीन नितेश को बधाइयों का तांता लगा रहा।

## डाक चौपाल से बदली ग्रामीण बैंकिंग की तस्वीर, योजनाओं को लेकर जागरूक हुआ डुमरांव

**केटी न्यूज/डुमरांव**

ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय जागरूकता और सरकारी योजनाओं की पहुंच को मजबूत करने की दिशा में डाक विभाग लगातार नई पहल कर रहा है। इसी कड़ी में डुमरांव प्रखंड के राजगढ़ स्थित डाकघर परिसर में डाक विभाग द्वारा डाक चौपाल का आयोजन किया गया, जो न सिर्फ.जानकारी देने का मंच बना, बल्कि ग्रामीणों के लिए भरोसेमंद बैंकिंग और बीमा सेवाओं का प्रवेश द्वार भी साबित हुआ। इस विशेष कार्यक्रम में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के कार्यकारी श्री सूरज कुमार, बक्सर डिवीजन की डाक अधीक्षक कुमारी सरिता, एएसपी (मुख्यालय) प्रेम कुमार, डुमरांव सब-डिवीजन के डाक निरीक्षक, स्थानीय बीपीएम सहित डाक विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को गंभीरता और विश्वसनीयता प्रदान की। डाक चौपाल के दौरान ग्रामीणों को इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की बैंकिंग सुविधाओं, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, डाक जीवन बीमा, सुकन्या समृद्धि योजना, बाल आधार पंजीकरण समेत डाकघर द्वारा संचालित विभिन्न बचत और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने सरल भाषा में योजनाओं की प्रक्रिया, लाभ और सुरक्षा पहलुओं को समझाया, जिससे आमजन आसानी से इन्हें समझ सकें।

कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि जानकारी तक ही सीमित न रहकर मौके पर ही पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसका परिणाम यह हुआ कि बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने तुरंत योजनाओं से जुड़ने की इच्छा जताई और कई लोगों ने ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन कराया। इससे साफ जाहिर हुआ कि सही जानकारी और भरोसेमंद मंच मिलने पर ग्रामीण जनता सरकारी योजनाओं को अपनाने के लिए तैयार है।

डाक चौपाल ने यह संदेश भी दिया कि पोस्ट ऑफिस अब केवल पत्र व्यवहार का माध्यम नहीं रहा, बल्कि यह ग्रामीण भारत के लिए बैंकिंग, बीमा, निवेश और डिजिटल सेवाओं का एक मजबूत केंद्र बन चुका है। लोगों की सक्रिय भागीदारी और सकारात्मक प्रतिक्रिया से उत्साहित डाक विभाग ने भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई है, ताकि अधिक से अधिक लोग सुरक्षित और सशक्त वित्तीय जीवन की ओर आगे बढ़ सके।

# दरभंगा को जल्द मिलेगी औद्योगिक सौगात, अशोक पेपर मिल की 400 एकड़ जमीन पर लगेगा बड़ा उद्योग : संजय सरावगी



**एजेंसी। पटना**

नए साल की पूर्व संध्या पर उत्तरी बिहार उद्यान समिति की ओर से आयोजित 33वें वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने किया। इस अवसर पर डीआईजी स्वप्ना गौतम मेश्राम सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।उद्घाटन के बाद मीडिया से बातचीत में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शीघ्र ही दरभंगा को उद्योग के क्षेत्र में बड़ी सौगात देने वाले हैं। उन्होंने बताया कि बंद पड़े अशोक पेपर मिल की लगभग 400 एकड़ भूमि पर एक बड़े उद्योग की स्थापना की जाएगी, जिसकी घोषणा स्वयं मुख्यमंत्री करेंगे। इससे दरभंगा सहित पूरे मिथिलांचल के विकास को नई गति मिलेगी। पुष्प प्रदर्शनी के दौरान प्लांटमैन ऑफ दरभंगा, प्रख्यात चिकित्सक एवं पुष्प प्रेमी डॉ. रामबाबू खेतान को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं, तालाब संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मो. तसीम नवाब को भी समिति की ओर से सम्मान प्रदान किया गया।उद्घाटन के बाद पुष्प प्रदर्शनी देखने के लिए आम लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। उल्लेखनीय है कि दरभंगा के साथ-साथ मधुबनी और आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग हर वर्ष नए साल के अवसर पर इस पुष्प प्रदर्शनी को देखने पहुंचते हैं। प्रदर्शनी में करीब पांच हजार से अधिक फूलों के गमले लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। उत्तरी बिहार उद्यान समिति की अध्यक्ष लता खेतान ने स्वागत संबोधन में कहा कि संस्था का उद्देश्य जनमानस में प्रकृति प्रेम, हरियाली, जल संरक्षण और भूमि की उर्वरता के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज को पर्यावरण से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। वहीं समिति के महासचिव राघवेंद्र कुमार ने कहा कि पुष्प प्रदर्शनी न केवल आंखों को सुकून देती है, बल्कि प्रकृति संरक्षण और संवर्धन का सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने स्कूली बच्चों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि यही बच्चे भविष्य में पर्यावरण संरक्षण की मजबूत नींव बनेंगे।

# राजवंशी नगर अस्पताल के भवन निर्माण कार्य का सीएम नीतीश ने किया निरीक्षण, तेजी से निर्माण कार्य पूरा करने का दिया निर्देश




**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राजवंशी नगर स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल के भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 400 बेड वाले हड्डी रोग के इस अति विशिष्ट अस्पताल भवन के निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण किया जाए। सीएम नीतीश ने कहा कि हमारा उद्देश्य मरीजों को एक ही छत के नीचे व्यापक एवं अत्याधुनिक उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसी के तहत लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल राजवंशी नगर, पटना को हड्डी रोग के सुपर स्पेशियलटी अस्पताल के रुप में विकसित किया गया है और इस अति विशिष्ट अस्पताल का नया भवन बनाया जा रहा है। यहां हड्डी रोग से संबंधित बीमारियों के इलाज की आधुनिक सुविधाओं से युक्त बेहतर व्यवस्था की गयी है। उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल का भी निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने मौजूद मरीजों एवं उनके परिजनों से स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में संवाद किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राजवंशी नगर स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल के भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस 400 बेड के हड्डी रोग के अति विशिष्ट अस्पताल भवन के निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि हमलोगों का उद्देश्य है कि मरीजों को एक ही छत के नीचे व्यापक और इलाज की अत्याधुनिक सुविधायें उपलब्ध हो। इसी के तहत लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशी नगर, पटना को हड्डी रोग के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में विकसित किया गया है और इस अति विशिष्ट अस्पताल का नया भवन बनाया जा रहा है। यहां हड्डी रोग से संबंधित बीमारियों के इलाज की आधुनिक सुविधाओं से युक्त बेहतर व्यवस्था की गयी है। मुख्यमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। वहां उपस्थित मरीजों एवं उनके अभिभावकों से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों निर्देश दिया कि मरीजों का इलाज बेहतर ढंग से हो, इसमें किसी प्रकार की कोताही न हो। बता दें कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2012 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशीनगर, पटना को हड्डी रोग के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में विकसित करने की घोषणा की गयी थी, जहां पर हड्डी रोग से संबंधित सभी प्रकार के इलाज की अच्छी व्यवस्था रहे। इसके आलोक में इस अस्पताल परिसर में ही 215 करोड़ रुपये की लागत से 400 बेड के अति विशिष्ट अस्पताल भवन के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी। इस 6 मंजिला अस्पताल भवन का निर्माण कार्य जारी है जो मार्च 2026 तक पूरा हो जाएगा। इसमें 250 वाहनों के पार्किंग, 6 लिफ्ट, 6 ऑपरेशन थियेटर, 42 आई०सी०यू० बेड, 15 प्राइवेट वार्ड इत्यादि की व्यवस्था है। इस अति विशिष्ट अस्पताल में समुचित इलाज के लिए 66 चिकित्सकों सहित कुल 140 पदों का सृजन किया गया है। इस अति विशिष्ट अस्पताल के शुरू हो जाने से हड्डी रोग के मरीजों को काफी फायदा होगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ० चन्द्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ० त्यागराजन एस०एम० सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# ठंड की ठिठुरन में गरीब असहायों के बीच सोशल वेलफेयर ट्रस्ट ने बांटा कंबल



**केटी न्यूज। रोहतास**

प्रखंड क्षेत्र के नोनहर गांव में राधिका रमन शर्मा के 6वीं पुण्यतिथि पर आर.आर शर्मा सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में बुजुर्ग महिला-पुरुषों और जरूरतमंदों के बीच बुधवार को कंबल वितरण किया गया। अवसर पर राजीव रंजन और रवि रंजन ने ठंड से बचाव हेतु 50 कंबल गरीब असहाय लोगों के बीच बांटा। उक्त कार्यक्रम आयोजन पर राजीव रंजन ने कहा कि आर.आर शर्मा सोशल वेलफेयर ट्रस्ट प्रोफेसर कॉलोनी केजी रोड,आरा की ओर से किए जा रहे सामाजिक कार्य अत्यंत सराहनीय हैं। ट्रस्ट के कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने एक छोटी पहल ठंड से पीड़ित जरूरतमंदों के लिए किया है। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर ऐसे मानवीय कार्यों में सहयोग करना चाहिए। वहीं ट्रस्ट संस्थापक रवि रंजन ने कहा कि ठंड लगातार बढ़ रही है, ऐसे में गरीब, बुजुर्ग और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए ट्रस्ट निरंतर प्रयासरत है। साथ ही कहा कि राधिका रमण शर्मा के पुण्यतिथि पर प्रत्येक वर्ष गरीब बुजुर्ग और जरूरतमंद लोगों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया जाता है। इस वर्ष अतत्यधिक ठंड को देखते हुए कंबल, चूड़ा, तिलकूट और फल का वितरण किया गया है। ट्रस्ट की ओर से किए गए कंबल वितरण को ग्रामीणों ने एक प्रेरणादायक और सराहनीय पहल बताया। इस अवसर पर राकेश रंजन,आशुतोष शर्मा,रितू राज, ऋषि राज, लक्ष्य राज, मंटू शर्मा, सुशील भारती, हरेंद्र शर्मा, शशीकांत शर्मा, धनजी साह, पैक्स अध्यक्ष अमन राज सहित दर्जनों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

# शराब तस्करी के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई कर वाहन सहित जब्त किया शराब, तस्कर फरार



**केटी न्यूज। रोहतास**

पुलिस ने नववर्ष के शुभारंभ से पहले ही शराब तस्करों के विरुद्ध शिकंजा कसा है। धर्मपुरा थाना क्षेत्र के मुजराढ़ गांव में एक लग्जरी जाइलो वाहन से भारी मात्रा में देसी शराब बरामद की गई। हालांकि, पुलिस को देखते ही शराब कारोबारी मौके से फरार होने में सफल रहें। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छानबीन कर रही है। इस संबंध में धर्मपुरा थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी।जानकारी के अनुसार, मुजराढ़ गांव में एक वाहन के जरिए नए साल के जश्न के लिए भारी मात्रा में शराब मंगाई जा रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर छापेमारी की।छापेमारी के दौरान महादेव शाह के घर के पास खड़ी एक गाड़ी की तलाशी ली गई। तलाशी में शराब की एक बड़ी खेप बरामद हुई। जबकि थानाध्यक्ष के मुताबिक, पुलिस के पहुंचने से पहले ही शराब तस्कर गाड़ी और शराब छोड़कर फरार हो गए थे। वही जब्त शराब का आकलन 41 लीटर सहित मिलान करने पर कुल 205 पीस देसी शराब पाई गई। जिसकी मात्रा 41.005 लीटर है। पुलिस ने जाइलो गाड़ी और शराब को जब्त कर लिया है।बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। फरार शराब कारोबारी की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि नए साल को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है,और शराब बेचने, रखने या पीने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि नववर्ष के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है।थाना अध्यक्ष ने आम लोगों से अपील की है कि वे बिना शराब के ही नए साल का जश्न मनाएं। इससे पुलिस कार्रवाई से बचा जा सकेगा और पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकेगा।

# साइबर क्राइम अपराध से लोगों को बचाने के लिए बिक्रमगंज प्रशासन है सक्रिय : एएसपी-संकेत कुमार




**केटी न्यूज। रोहतास**

देश में साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने जन-जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। पुलिस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को डिजिटल धोखाधड़ी से सुरक्षित रहने के तरीके सिखाना है। पुलिस के अनुसार, किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना ओटीपी,पासवर्ड या बैंक विवरण साझा न करें। लुभावने ऑफर्स, लॉटरी या संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें, क्योंकि ये फिशिंग अटैक हो सकते हैं। यदि आप ठगी का शिकार होते हैं, तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। सतर्कता ही बचाव है; हमेशा टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करें और अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स को सुरक्षित रखें। इस साइबर अपराध मिशन सतर्क के संदर्भ में बिक्रमगंज एएसपी सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संकेत कुमार ने बच्चों एवं अभिभावकों से सतर्क और जागरूक रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर ठगी के मामले भी बढ़े हैं,ऐसे में थोड़ी-सी सावधानी बड़े नुकसान से बचा सकती है । किसी भी अनजान कॉल,मैसेज, ई-मेल

या लिंक पर भरोसा करना जोखिम भरा हो सकता है। वही लोगों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि ओटीपी, बैंक डिटेल्स,एटीएम पिन और पासवर्ड जैसी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। पुलिस या बैंक कभी भी फोन पर ऐसी जानकारी नहीं मांगते। साइबर ठग बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन गेम,फ्री ऑफर,लकी ड्रॉ और आकर्षक इनाम के झांसे में लेकर ठगी कर रहे हैं । ऐसे मामलों में अभिभावकों की सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। साथ ही बच्चों से अपील करते हुए कहा कि इंटरनेट का उपयोग सोच-समझकर करें। किसी भी ऐप या वेबसाइट पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी देने से पहले माता-पिता या अभिभावक से सलाह जरूर लें। अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों के मोबाइल उपयोग पर नियमित निगरानी रखें और उन्हें साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी दें,ताकि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दे सकें। यदि साइबर ठगी की कोई घटना होती है तो बिना देर स्थानीय प्रशासन को इसकी सूचना दे। ताकि पीड़ित लोगों के मदद को लेकर साइबर क्राइम के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई कर उन्हें उनका ठगी की राशि वापस दिलाने की संभावना प्रबल हो सके। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि बिक्रमगंज अनुमंडल की पुलिस साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार प्रयासरत है और आम नागरिकों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## एक नजर

### 29 प्रचाधारियों को प्रशासन ने दिलाया ऑपरेशन दखल देहानी हक



**संझौली ।** जिला जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन के क्रम में संझौली अंचल क्षेत्र के बसौरा गांव में ऑपरेशन दखल देहानी के तहत बड़ी कारवाई की गई। स्थानीय पुलिस बल की मौजूदगी में कुल 29 प्रचाधारियों को शांति पूर्ण एवं विधि-सम्मत दर्जनों ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही रास्ते की समस्या के समाधान के लिए अंचलाधिकारी किशोर पासवान गांव पहुंचे। ग्रामीणों की शिकायत पर अंचलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर पूरे मामले का भौतिक सत्यापन करने के उपरांत ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी परेशानियों को गंभीरता से सुना।

### माइक्रो फाइनेंस बैंक कर्मियों ने महिला से जालसाजी कर 40 हजार रुपए ठगा

**संझौली।** प्रखंड क्षेत्र के संझौली गांव में उत्कर्ष स्मॉल माइक्रो फाइनेंस से जुड़ा एक चौंकाने वाला धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बैंक की कर्मचारी एवं अधिकारी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए एक महिला ने 40 हजार रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। जबकि पीड़िता ने अब संझौली थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता मीना देवी ने बताया कि वर्ष 2023 में उन्होंने उत्कर्ष स्मॉल माइक्रो फाइनेंस बैंक से 40 हजार रुपये की निकासी की थी। निर्धारित कार्य पूरा हो जाने के बाद उन्होंने पूरी राशि बैंक के कर्मचारी रोहित कुमार को वापस कर दी। राशि जमा करने के बाद काफी दिनों तक बैंक की ओर से किसी प्रकार की कोई सूचना या आपत्ति नहीं की गई, जिससे उन्हें लगा कि उनका खाता पूरी तरह क्लियर हो चुका है। लेकिन कुछ महीनों बाद अचानक बैंक की ओर से फोन कर बताया गया कि उनके ऊपर अभी भी 40 हजार रुपये बकाया हैं। इस सूचना से परेशान होकर जब मीना देवी ने तत्कालीन ब्रांच मैनेजर राकेश जायसवाल से संपर्क किया तो उन्होंने एक लिखित शिकायत ली और जांच का भरोसा दिलाया। इसके बाद ब्रांच मैनेजर और क्षेत्रीय अधिकारी गजानंद पांडे द्वारा जांच की गई। जांच के उपरांत पीड़िता को यह कहकर आश्वस्त किया गया कि संबंधित कर्मचारी के खिलाफ नोखा थाना में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है और अब उन्हें किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, कुछ समय बाद फिर से मीना देवी को फोन कर पैसा जमा करने का दबाव बनाया जाने लगा। जब वह शिकायत लेकर ब्रांच पहुंचीं तो उन्हें पता चला कि आरोपी कर्मचारी रोहित कुमार नौकरी छोड़ चुका है और उस समय के ब्रांच मैनेजर का तबादला हो चुका है। वर्तमान ब्रांच मैनेजर मुन्ना कुमार ने मामले में किसी भी प्रकार की मदद करने से साफ इनकार कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि जब उन्होंने पूर्व ब्रांच मैनेजर राकेश जायसवाल से संपर्क किया तो उन्होंने कथित रूप से धमकी देते हुए कहा कि आपको जो करना है कर लीजिए, अब कुछ नहीं होगा। वहीं, कर्मचारी रोहित कुमार ने बातचीत में स्वीकार किया कि उक्त राशि उसने और ब्रांच मैनेजर ने मिलकर खर्च कर दी। पीड़िता मीना देवी ने शनिवार को संझौली थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है और प्रशासन से दोषी बैंक कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और बैंकिंग व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

### पहचान एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसाईटी का धूमधाम से मना 5वां स्थापना दिवस

**बिक्रमगंज।** बुधवार को नगर परिषद स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद लाइब्रेरी के माध्यम से बच्चों के उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए संचालित पहचान एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसाईटी का 5वां स्थापना दिवस मदरसा अरबिया रफाहुल उलूम को मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री मो. जमा खान, काराकाट लोकसभा सांसद राजा राम सिंह व काराकाट विधानसभा विधायक अरुण सिंह शामिल थें। मौके पर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने अपने संबोधन में बताया कि मौलाना अबुल कलाम आजाद लाइब्रेरी के माध्यम से शिक्षा हासिल कर 22 बच्चों ने सरकारी विभाग में नौकरी पायी है। जो बच्चे इस लाइब्रेरी के माध्यम से सरकारी महकमों में सराहनीय कार्य कर उनके मनोबल को बढ़ाने हेतु पहचान एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसाईटी के द्वारा उपहार दिया गया। बता दें कि जो भी लड़का व लड़की आर्थिक रूप से कमजोर तथा असहाय है उन्हें मुफ्त मे शिक्षा दी जाती है। उक्त अवसर पर अध्यक्ष जैनुद्दीन अंसारी, सचिव महफूज आलम,पूर्व सभापति रब नवाज खान,आलिम कुरैशी,अजमूल हक खान, हसनैन खान, शिक्षक अनीस खान,हाजी सुल्तान, असगर हुसैन,आदिल खान आदि उपस्थित थें।

# अवैध भूमि अतिक्रमणकारियों के खिलाफ प्रशासन का चला बुलडोजर एक्शन



**केटी न्यूज। रोहतास**

नोखा (रोहतास) अंचल क्षेत्र के धर्मपुरा, सिसरित और हथनी गांवों में बिहार सरकार की सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई बुधवार को की गई। अंचल प्रशासन ने जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध निमार्णों को ध्वस्त कर सरकारी जमीन को कब्जे से मुक्त कराया। यह कार्रवाई लोक शिकायत आयोग के निर्देश पर की गई। इस संबंध में अंचल अधिकारी मधुसूदन चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि नोखा अंचल के विभिन्न गांवों में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर लोक शिकायत आयोग में आवेदन दिए गए थे। शिकायतों की सुनवाई के बाद लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के आदेश पर अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई। इस संबंध में सीओ ने बताया कि धर्मपुरा गांव में मोद नारायण द्वारा लोक शिकायत दर्ज कराई गई थी। जांच के उपरांत धर्मपुरा स्थित जगदंबा स्थान के समीप अंचल अधिकारी, नोखा, रोहतास अंतर्गत खाता संख्या 222, खेसरा संख्या 679, रकबा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जबकि सरकारी जमीन से हटाए गये अवैध कब्जा अंतर्गत सिसरित गांव में खाता संख्या 426, खेसरा संख्या 817, रकबा 5 डिसमिल भूमि पर किए गए अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया।

# पूर्णिया में बिजली स्मार्ट मीटर रिचार्ज करने के नाम पर ठगी : भाजपा नेता के दो अकाउंट से उड़ाये 85 हजार रुपये




**एजेंसी। पटना**

यदि आपके घर में भी स्मार्ट मीटर है, और उसे रिचार्ज करने के लिए कोई कॉल आए तो अलर्ट हो जाइए। बिना सोचे समझे यूपीआई से पेमेंट ना करें। पहले पता कर लें कि सही कॉल या मैसेज है तभी ऑनलाइन पेमेंट करें। यदि इन बातों पर ध्यान नहीं दिये तो पूर्णिया के मनोज सिंह की तरह बैंक और थाने का चक्कर लगाना पड़ जाएगा। मनोज सिंह बीजेपी के जिलाध्यक्ष हैं। उनके साथ 85 हजार रुपये की ठगी किसी ने कर ली है। उन्होंने इसकी शिकायत ऑनलाइन और पूर्णिया के एसपी से की। साइबर थाने में भी उन्होंने केस दर्ज कराया है और कार्रवाई की मांग की है। वही एक्सिस बैंक और एसबीआई बैंक को भी इस संबंध में सूचना दी है। के. हाट थाना क्षेत्र के रहने वाले मनोज सिंह ने बताया कि 26 दिसंबर की सुबह 8 बजकर 47 मिनट एवं 8 बजकर 49 मिनट पर उनके एसबीआई बैंक के खाते से 50 हजार और एक्सिस बैंक के अकाउंट से 35 हजार रुपये की निकासी कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि उन्हें 8102959597 मोबाइल नंबर से किसी ने फोन किया था और कह रहा था कि बिजली के स्मार्ट मीटर को अपडेट करना है, क्योंकि उन्होंने नया मीटर लगाया था इसलिए वो समझ नहीं पाए और बिना समझे सौ रुपये का रिचार्ज कर दिया। मनोज सिंह ने बताया कि 26 दिसंबर को सुबह पौने 9 बजे एक फोन आया कि मीटर नया लगाये हैं इसलिए सौ रुपये का रिचार्ज कर दीजिए नहीं तो मीटर अपडेट नहीं हो पाएगा। जो नंबर आया उस पर इलेक्ट्रिक विभाग शो भी कर रहा था। तब सौ रुपए से रिचार्ज कर दिये फिर हम अपने काम में लग गये। उसके बाद मोबाइल हैंग करने लगा, काम करना बंद कर दिया। दूसरे दिन भी मोबाइल काम नहीं कर रहा था। तब मेरे साथियों ने बताया कि आपका मोबाइल हैक कर लिया गया है। जब मोबाइल को फॉरमेट किया तो मैसेज आया कि आपका 35 हजार और 50 हजार का ट्रांजेक्शन हुआ है।

पे हिस्ट्री देखे तो शाहिल साव ने 50 हजार एसबीआई से निकाल लिया और 35 हजार एक्सिस बैंक से निकाल लिया था। जिसके बाद ऑनलाइन केस दर्ज किए और साइबर थाने में भी केस दर्ज किया। एक्सिस बैंक और एसबीआई के मैनेजर को इस जालसाजी की सूचना दी। कुल मिलाकर 85 हजार रुपया निकाल लिया गया है जिसे अभी तक रिकवरी नहीं किया गया। किसी प्रकार का कोई भी फोन आए किसी भी अनजान व्यक्ति का कॉल रिसिव ना करे। जो घटना मेरे साथ हुआ वो दूसरों के साथ ना हो। पूर्णिया से बीजेपी के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह ने साइबर थाने में इसकी शिकायत दर्ज की है वही जिले के पुलिस कप्तान और दोनों बैंकों के मैनेजर को इस घटना की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने भ्रष्टाचारियों को दे दिया मैसेज, कहा

# 1 करोड़ लोगों को सरकारी नौकरी और रोजगार देगी सरकार, सम्राट चौधरी




**एजेंसी। पटना**

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार 1 करोड़ नौकरियों और रोजगार के अवसर देने के लिए काम कर रही है। कौशल विकास यूनिवर्सिटी और कुशल युवा सम्मेलन 2025 जैसी पहल इसके तहत चल रही हैं। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार सरकार युवाओं को 1 करोड़ सरकारी नौकरी और रोजगार देने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। इसके लिए जननायक कपूर्री ठाकुर कौशल विकास यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई है। उनका उद्देश्य है कि बिहार के युवा मजदूरी करने के बजाय सम्मानजनक रोजगार के लिए देश और दुनिया में अवसर तलाशें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी यही संदेश है। सम्राट चौधरी ने पटना में आयोजित कुशल युवा सम्मेलन 2025 की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री मोदी के सपनों को जमीन पर उतारने का उदाहरण है। पिछले नौ वर्षों में सरकार ने 32 लाख युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार सरकार युवाओं को एक करोड़ नौकरी और रोजगार देने के लिए काम कर रही है। इसके लिए जननायक कपूर्री ठाकुर कौशल विकास यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई है। सरकार का लक्ष्य है कि बिहार के युवा मजदूरी नहीं, बल्कि सम्मानजनक रोजगार के लिए बिहार से बाहर देश और दुनिया में जाएं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का भी यही संदेश है। कुशल युवा सम्मेलन 2025 की सराहना की और कहा- ये पिछले नौ वर्षों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री मोदी के सपनों को जमीन पर उतार रहे है। इन्होंने 32 लाख युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि एनडीए ने 2020 में 10 लाख सरकारी नौकरियों और 10 लाख रोजगार का वादा किया गया था। सरकार ने पिछले पांच साल में 52 लाख लोगों को सरकारी नौकरी और रोजगार देने का काम किया। अब एक करोड़ रोजगार का लक्ष्य रखा गया है। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार अब तेजी से प्रगति कर रहा है। सरकार कोऑपरेटिव मॉडल और जनता की भागीदारी से भी विकास कर रही है। बिहार में अगले पांच वर्षों में 25 नई चीनी मिलें स्थापित की जाएगी। सरकार ढढढ -टङ्की यानी जनता की भागीदारी को भी बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि डि फें स कॉरिडोर, उद्योग और कौशल आधारित रोजगार राज्य की नई पहचान हैं। आज कई देशों को कुशल युवाओं की जरूरत है और बिहार के युवा इसके लिए तैयार हैं। अब बिहार के युवा मजदूरी नहीं, बल्कि सम्मानजनक रोजगार के लिए दुनिया में जाएंगे।

## एक नजर

### पति-पत्नी चला रहे थे चोर गिरोह, लालगंज पुलिस ने किया खुलासा, बबली गिरफ्तार बंटी हुआ फरार

लालगंज थाना पुलिस ने पति-पत्नी द्वारा संचालित एक बड़े चोर गिरोह का पदार्फाश किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने गिरोह की महिला सदस्य को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका पति मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने आरोपियों के घर से भारी मात्रा में चोरी का सामान और कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार पति-पत्नी बंटी-बबली की तरह मिलकर चोरी के इस गिरोह को चला रहे थे। इस संबंध में लालगंज के एसडीपीओ गोपाल मंडल ने बताया कि लालगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के बिलनपुर गांव निवासी रामप्रीत सहनी के घर में बड़ी मात्रा में चोरी का सामान रखा गया है और वहां उसका बंटवारा किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर थानाध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने बिलनपुर गांव स्थित रामप्रीत सहनी के घर पर छापेमारी की। पुलिस वाहन को देखते ही पांच से छह की संख्या में अपराधी मौके से फरार हो गए, लेकिन छापेमारी के दौरान पुलिस ने रामप्रीत सहनी की पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गिरफ्तार महिला ने स्वीकार किया कि उसका पति अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर लालगंज थाना क्षेत्र के गंज इलाके में चोरी और गृहभेदन की घटनाओं को अंजाम देता था। चोरी कर लाए गए सामान को वह घर में छुपाने और बाद में ठिकाने लगाने का काम करती थी। एसडीपीओ गोपाल मंडल ने बताया कि फरार आरोपी रामप्रीत सहनी का आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी चोरी के मामलों में तीन बार जेल जा चुका है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

### कड़ाके की ठंड का असर : जमुई में 3 जनवरी तक बंद रहेंगे स्कूल, डीएम ने जारी किया आदेश



**जमुई।** बिहार में ठंड का कहर जारी है। फिलहाल कड़ाके की ठंड से निजात मिलना मुश्किल दिख रहा है। कनकनी की वजह से कई स्कूलों को फिलहाल बंद कर दिया गया है। कपकपाती ठंड से बच्चे बीमार ना पड़े इसे लेकर पटना डीएम त्यागराजन ने 2 जनवरी तक सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल को बंद कर दिया है। इसे लेकर कल 30 दिसंबर को ही आदेश जारी कर दिया गया है। वही आज 31 दिसंबर साल के अंतिम दिन जमुई में जिला प्रशासन ने सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूलों को 3 जनवरी तक बंद रखने का आदेश जारी किया है। जमुई के जिलाधिकारी नवीन ने आदेश निर्गत करते हुए कहा कि जिले में अत्यधिक ठंड और विशेष रूप से सुबह और शाम के समय कम तापमान की स्थिति है, जिसके कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावनाओं को देखते हुए जमुई के सभी सरकारी विद्यालयों जिसमें प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र भी शामिल है और प्राइवेट स्कूलों एवं प्राइवेट कोचिंग संस्थानों में कक्षा पांचवी तक की कक्षाओं में शैक्षणिक गतिविधियों पर 3 जनवरी 2026 तक प्रतिबंध लगाया गया है। शनिवार तक ये बंद रहेंगे। वही पांचवी कक्षा के ऊपर की कक्षाओं में शैक्षणिक गतिविधियां सुबह 10 बजे से 3 बजे के बीच पर्याप्त सावधान के साथ जारी रहेगी। वही बोर्ड परीक्षा हेतु संचालित किये जाने वाली विशेष कक्षाओं का संचालन इससे मुक्त रहेगा। यह आदेश 1 जनवरी 26 से लागू

## पटना मेट्रो में नौकरी के नाम पर ठगी फर्जी इंटरव्यू रैकेट का भंडाफोड़



**एजेंसी। पटना**

पटना में बेरोजगार युवाओं को पटना मेट्रो में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले फर्जी इंटरव्यू रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। 28 दिसंबर को जक्कनपुर थाना क्षेत्र से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने विग्रहपुर क्षेत्र में संचालित इस फर्जी कार्यालय पर छापेमारी की। जांच में सामने आया कि आरोपितों ने एक फर्जी कार्यालय खोल रखा था, जहां युवाओं को इंटरव्यू के बहाने बुलाया जाता और चयन का भरोसा दिलाकर उनसे आवेदन शुल्क, प्रोसेसिंग चार्ज और अन्य मदों में धनराशि वसूली जाती थी। पीड़ितों को नौकरी का झांसा देकर लंबे समय तक टालमटोल किया जाता था। सूचना के सत्यापन के बाद गठित पुलिस टीम ने इस रैकेट में संलिप्त तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। छापेमारी के दौरान फर्जी नियुक्ति से जुड़े कई आपत्तिजनक दस्तावेज, कागजात और अन्य सामग्री बरामद की गई, जो ठगी की गतिविधियों की पुष्टि करती हैं। इस मामले में सहायक पुलिस अधीक्षक (सदर), पटना, श्री अभिनव कुमार ने कहा, ह्लपटना मेट्रो में बहाली के नाम पर ठगी की सूचना पर त्वरित कार्रवाई की गई। फर्जी इंटरव्यू रैकेट में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। बरामद दस्तावेजों के आधार पर गिरोह की कार्यप्रणाली की गहन जांच की जा रही है और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने युवाओं से अपील की है कि किसी भी सरकारी या सार्वजनिक उपक्रम में नौकरी के लिए केवल आधिकारिक वेबसाइट, विज्ञापन और अधिकृत प्रक्रिया पर ही भरोसा करें। किसी भी अनाधिकृत कार्यालय, फर्जी इंटरव्यू या पैसे की मांग की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि ऐसे ठगों पर समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## साल के अंतिम दिन होटल - रेस्टोरेंट और ढाबों पर ताबड़तोड़ छापेमारी, एक्शन में उत्पाद विभाग की टीम

**एजेंसी। पटना**

साल 2025 की विदाई और नए साल 2026 के भव्य स्वागत को लेकर जहाँ पूरा जिला उत्साह में डूबा है, वहीं कानून-व्यवस्था और नशाखोरी को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। मुजफ्फरपुर जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन के निर्देश पर उत्पाद विभाग ने जिले भर में शराब माफियाओं और नशेडियों के खिलाफ एक बड़ा विशेष अभियान छेड़ दिया है। उत्पाद इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि नए साल के जश्न में किसी भी प्रकार की खलल न पड़े, इसके लिए उत्पाद विभाग की 6 विशेष टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें शहर के प्रमुख होटलों, रेस्टोरेंटों, लाइन होटलों और हाईवे किनारे स्थित ढाबों पर लगातार सघन छापेमारी कर रही हैं। पुलिस प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सेलिब्रेशन के नाम पर शराब परोसने या नशा करने वालों पर नकेल कसी जा सके। नए साल के मौके पर अक्सर शराब की मांग बढ़ जाती है, जिसका फायदा उठाने के लिए शराब कारोबारी सक्रिय हो जाते हैं। लेकिन इस बार मुजफ्फरपुर पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने उनके मंसूबों को ध्वस्त करने के लिए कमर कस ली है। जांच के दौरान ब्रेथ एनालाइजर का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा रहा है ताकि सड़कों पर हुड़दंग करने वाले नशेडियों की तत्काल पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा सके। प्रशासन का कहना है कि लोग अपने परिवारों के साथ सुरक्षित माहौल में नए साल का आनंद ले सकें, यही उनकी प्राथमिकता है। होटलों और रेस्टोरेंट के मालिकों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## गया रेल थाने में सोना लूट घोटाला! थानेदार और चार सिपाही निलंबित, पीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज




**एजेंसी। गया**

गया रेल थाना के थानेदार राजेश कुमार सिंह और चार सिपाहियों को सोना लूट कांड में शामिल पाए जाने के बाद निलंबित कर दिया गया है। मामला 21 नवंबर को हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस में कोडरमा-गया सेक्शन में हुई एक करोड़ से अधिक की सोना लूट से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार, गया रेल थाना के थानेदार राजेश कुमार सिंह ने इस लूट का केस (334/25) अपने लिखित बयान पर इठर 309(4) के तहत दर्ज किया था। परत दर परत जांच में सामने आया कि इस घटना में थानेदार खुद भी शामिल था। इसके बाद राजेश कुमार सिंह को तत्काल निलंबित कर दिया गया। साथ ही गया रेल थाना के चार सिपाहियों करण कुमार, अभिषेक चतुर्वेदी, रंजय कुमार और आनंद मोहन को भी निलंबित किया गया है। इन सभी पर पीसी एक्ट की धाराओं के तहत केस भी दर्ज किया गया है।लूट की यह वारदात कानपुर के सोना कारोबारी मनोज सोनी के स्टाफ धनंजय शाश्वत के साथ हुई थी। शाश्वत हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस से एक किलो सोना लेकर जा रहे थे।सूत्रों के अनुसार, गया रेल पुलिस का क्षेत्राधिकार कोडरमा तक नहीं था। इसके बावजूद निलंबित पुलिसकर्मी और एक प्राइवेट व्यक्ति परवेज आलम तथा पूर्व चालक सीताराम को किसी ने सूचना दी कि शाश्वत सोना लेकर आ रहे हैं। इसके बाद ये लोग ट्रेन से गया से कोडरमा पहुंच गए। जब हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस कोडरमा में रुकी, तो उन्होंने शाश्वत को ट्रेन से उतारकर मारपीट की और सोने की बिस्किट लूट ली। घटना के बाद खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा ने पटना रेल एसपी को सूचना दी थी। इसके बाद पटना रेल पुलिस ने तीन डीएसपी की एसआईटी टीम बनाई। अभी इस मामले में और भी रेल पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की संभावना है।

## 2026 में भ्रष्ट कर्मचारियों और अधिकारियों पर कसा जाएगा शिकंजा : डीजी



**एजेंसी। पटना**

नए वर्ष में निगरानी ब्यूरो भ्रष्ट लोकसेवकों को दबोचने के साथ ही सजा दिलाने पर भी विशेष रूप से फोकस करेगा। भ्रष्टाचार के आरोप में पकड़े जाने वाले लोकसेवकों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही इन्हें समय पर सजा दिलाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए निगरानी ब्यूरो में नए स्पीडी ट्रायल कोषांग का गठन जल्द कर लिया जाएगा। इसके अलावा डीए, ट्रैप की कार्रवाई की गति बढ़ाने और इनके मामलों का निपटारा समय पर करने के लिए स्पीडी कोषांग का गठन होगा। यह जानकारी निगरानी ब्यूरो के डीजी (महानिदेशक) जितेंद्र सिंह गंगवार ने दी। वह वर्ष के अंतिम दिन बुधवार को निगरानी ब्यूरो कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। डीजी ने कहा कि नए वर्ष में खासतौर से तीसरी पहल भी की जा रही है। इसके अंतर्गत नए डिजिटल तकनीकों से लैस एक नए भवन का निर्माण कराया जाएगा। इसमें आधुनिक तरीके से जांच के संसाधन मौजूद होंगे। वर्ष 2025 में निगरानी ब्यूरो की उपलब्धियां बेहतरीन रही हैं। इसकी जानकारी देते हुए डीजी जेएस गंगवार ने कहा कि पिछले 25 वर्ष के दौरान निगरानी में प्रतिवर्ष औसतन 72-73 एफआईआर होती थी, लेकिन 2025 में यह वार्षिक औसत बढ़कर 122 एफआईआर हो गई है। इस वर्ष 30 दिसंबर को सबसे ज्यादा एक दिन में 20 एफआईआर दर्ज की गई है। अगर वर्षभर का औसत देखें, तो कुल कार्यदिवस में हर दूसरे दिन एक एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, पिछले वर्ष 2024 में महज 15 एफआईआर दर्ज की गई थी। इस वर्ष इससे करीब आठ गुणा ज्यादा मामले दर्ज कर कार्रवाई की गई। जितेंद्र सिंह गंगवार ने बताया कि इस वर्ष जितने मामले दर्ज हुए हैं, उसमें सबसे ज्यादा 101 एफआईआर सिर्फ ट्रैप यानी घूस लेते रंगे हाथ पकड़े जाने वाले लोकसेवकों से संबंधित दर्ज हुई है। इसमें 107 भ्रष्ट लोकसेवकों को पकड़ा गया है, जिसमें 7 महिला पदाधिकारी और 6 बिचौलिए शामिल हैं। यह कुल दर्ज मामले का 81-82 प्रतिशत है। इसमें 37 लाख 80 हजार 300 रुपये घूस की राशि के तौर पर जब्त की गई। पिछले वर्ष महज 8 मामले इससे संबंधित दर्ज हुए थे। अगर पिछले 25 वर्ष में दर्ज हुए ट्रैप के मामलों का वर्षवार औसत देखें, तो यह 47 एफआईआर का है। जबकि इस वर्ष यह औसत शतक से अधिक यानी 101 है। प्रत्येक महीने औसतन 8 से 9 कार्रवाई हुई है। 2025 में जो ट्रैप की कार्रवाई की गई है, उनमें 24 मई को एक लोकसेवक को 3 लाख रुपये घूस लेते और एक अन्य लोकसेवक को वाशिंग मशीन के साथ राशि घूस लेते पकड़ा जाना है। निगरानी ब्यूरो के इतिहास में संभवत पहली बार ऐसा हुआ है कि एक ही दिन 27 अगस्त को ट्रैप की चार कार्रवाई अलग-अलग जिलों औरंगाबाद, खगड़िया, दरभंगा और भोजपुर में अलग-अलग विभाग के पदाधिकारियों को लेकर की गई। इसके अलावा 17 दिसंबर को एक ही दिन ट्रैप के 2 और डीए की 1 कार्रवाई की गई है।

## मुंगेर में नए साल का अनोखा जश्न, 2025 की निकाली शव यात्रा, पूरे रीति-रिवाज से किया अंतिम संस्कार

**एजेंसी। मुंगेर**

जहां लोग आमतौर पर पुराने साल की विदाई और नए साल के स्वागत को पार्टी, आतिशबाजी और जश्न के साथ मनाते हैं, वहीं बिहार के मुंगेर जिले में बच्चों ने साल 2025 को विदा करने का बिल्कुल अलग और अनोखा तरीका अपनाया। यहां बच्चों ने पूरे धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ वर्ष 2025 की प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाली और उसे श्मशान घाट तक ले जाकर अंतिम विदाई दी। यह अनोखा नजारा मुंगेर के बरियारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-80 पर देखने को मिला। बच्चों की टोली चार कंधों पर ह्लवर्ष 2025ह्व की अर्थी उठाए चल रही थी। आगे-आगे कुछ बच्चे सफेद धोती लपेटे हुए, हाथ में घईला में जलती अग्नि लेकर राम नाम सत्य है के नारे लगाते नजर आए। पूरी प्रक्रिया हूबहू एक पारंपरिक शव यात्रा जैसी थी। अचानक सड़क पर इस दृश्य को देखकर मुंगेरझ्रभागलपुर मुख्य मार्ग पर लोगों के बीच कौतूहल मच गया। आने-जाने वाले वाहन रुक गए, यहां तक कि एक पुलिस वाहन भी ठहर गया और लोग यह समझने की कोशिश करने लगे कि आखिर मामला क्या है। जब लोगों को पता चला कि यह साल 2025 की प्रतीकात्मक अर्थी है, तो माहौल हल्का हो गया और लोग हंसते हुए इस अनोखे जश्न का आनंद लेने लगे।